तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 7 फरवरी 2026

11 मौत के साये में रहने को मजबूर कानूनगो...

11 कक्षा कक्ष के निर्माण कार्य का शुभारंभ


## खबर संक्षेप

### घर से जेवर चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार
**जींद।** गांव नंदगढ़ के एक से चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपित को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपित की पहचान गांव सिरसा खेड़ी निवासी मोहित के रूप में हुई।

### लोन देने का झांसा देकर लाखों हड़पे, मामला दर्ज
**जींद।** गोल्ड लोन चुकता करने के लिए एक व्यक्ति ने महिला से एक लाख 60 हजार रुपये हड़प लिए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आदमपुर जिला हिसार निवासी सुमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव शिल्लाखेड़ी निवासी विनोद के साथ जान-पहचान रही है।

### मकान से 70 हजार की नकदी चोरी, केस दर्ज
**जींद।** गांव डूमरखां कलां के एक मकान से 70 हजार रुपये चोरी हो गए। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में डूमरखां कलां निवासी बीरेंद्र ने बताया कि वह गांव में ही किराना की दुकान चलाता है। वह अपनी 80 वर्षीय बुजुर्ग मां बोहती देवी के साथ घर के ऊपर बने चौबारे में रहता है।

### रास्ता रोककर महिला से मारपीट का आरोप
**कैथल।** कलायत पुलिस ने रास्ता रोककर महिला से मारपीट करने का एक मामला दर्ज किया है। सजुमा रोड फ्लाइट की महिला सुदेश ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 जनवरी को दोपहर के समय जब वह कलायत से जा रही थी तो कस्बा के ही विक्की उर्फ राकेश तथा मंगू ने उसका रास्ता रोकते हुए उसे पर गंडासियों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### गांव अजीमगढ़ से ट्रांसफार्मर चोरी
**कैथल।** जिले के गांव अजीमगढ़ से चोर बिजली का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम गुहला के उपमंडल अभियंता राहुल यादव ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कर 5 फरवरी की रात को गांव अजीमगढ़ में प्रदीप कौर के खेत से रखा बिजली का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत 82800 बताई गई है।

### ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार
**कैथल।** साइबर क्राइम थाना कैथल पुलिस ने फेसबुक पर फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग का विज्ञापन दिखाकर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### रंजिशन हमले में दंपति घायल, शिकायत दर्ज
**जींद।** गांव ईक्कस में रंजिशन तेजधार हथियार से हमला कर दंपत्ति को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ईक्कस निवासी मोहन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी गांव के ही महाबीर से रजिश चली आ रही है।

### कैथल: कष्ट निवारण समिति की बैठक 13 को
**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि 13 फरवरी को दोपहर 12:15 आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज करेंगे।

---

### मुख्यमंत्री ने आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

# जीवन में विजन और सोच बड़ी रखें: सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को शिक्षा निदेशालय द्वारा आरकेएसडी कॉलेज कैथल के सभागार में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में विजन और सोच बड़ी रखनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़े, ऊंचाई को छुए और विकसित भारत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। निश्चित रूप से आप सभी विद्यार्थी वर्ष 2047 में विकसित भारत के मजबूत स्तंभ होंगे।

विकसित भारत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं | विद्यार्थी विकसित भारत के मजबूत स्तंभ





**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी परीक्षा पे चर्चा 2026 कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते व साथ में है पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा तथा प्रशासनिक अधिकारी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी
डीसी अपराजिता ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया और कहा कि परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी और परीक्षा को तनाव नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखने की सकारात्मक सोच को और सुदृढ़ करेगा। बच्चे व अभिभावक ध्यान दें कि परीक्षा से किसी तरह का भय न रखें। यदि अंक कम भी आएं तो घबराना नहीं चाहिए। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा विभाग की अतिरिक्त निदेशक रिचा राठी व डीसी अपराजिता ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

#### ये रहे मौजूद
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीला राम, जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, अशोक गुर्जर, डीसी अपराजिता, एसपी उपासना, रिचा राठी, एडीसी डा. सुशील कुमार, डीईओ सुभाष, अश्वनी शोरेवाला, मनीष कठवाड़, अरुण सर्राफ, राव सुरेंद्र सिंह, प्रवीण प्रजापति, रवि तारांवाली, सुरेश संधू, गगन मित्तल आदि मौजूद रहे।

---

### हड़ताल से तहसील में होने वाले महत्वपूर्ण राजस्व कार्य पूरी तरह से ठप

# तहसीलदारों की हड़ताल से लोग दुःखी

**स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्री शुल्क के रूप में करोड़ों के राजस्व का नुकसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल/जींद

जिले में तहसीलदारों की हड़ताल का असर दूसरे दिन शुक्रवार को भी देखने को मिला। हड़ताल के चलते तहसीलों में होने वाले महत्वपूर्ण राजस्व कार्य पूरी तरह से ठप रहे। कार्यालयों में खाली पड़ी कुर्सियां देखी गई। इंतकाल, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और रजिस्ट्री से जुड़े मामलों का निपटारा नहीं हो सका, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपने कामों को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे, लेकिन कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। विशेष रूप से छात्रों और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जिन्हें समय पर जाति व आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी।


**कैथल।** हड़ताल के चलते खाली पड़ी तहसीलदारों की कुर्सी। *फोटो : हरिभूमि*

हड़ताल के कारण जमीन की रजिस्ट्री और नामांतरण (इंतकाल) के मामलों में भी कोई प्रगति नहीं हो सकी। इससे रियल एस्टेट से जुड़े लोग और किसान वर्ग भी प्रभावित हुआ है।

कई लोगों ने बताया कि वे दूर-दराज के गांवों से खर्च कर तहसील पहुंचे थे, लेकिन काम नहीं होने से उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो गया। यदि हड़ताल लंबी चली तो आने वाले दिनों में राजस्व मामलों का बोझ और बढ़ सकता है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा। कई लोगों का कहना है कि वे बार-बार तहसील के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। इससे पहले पटवारी हड़ताल पर बैठे थे। विदित रहे कि कैथल, गुहला, कलायत और पूंडरी में तहसील है। राजौंद, ढांड व सीवन में उप-तहसीलें हैं। जहां पर रोजाना राजस्व से संबंधित काम होते हैं। अब तक 350 रजिस्ट्री, 1300 इंतकाल, 300 जाति प्रमाण पत्र व 350 ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र अटक गए हैं। स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्री शुल्क के रूप में करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।

#### रजिस्ट्री करवानी थी: राजवंती
शहर की कंचन ने बताया कि उन्हें रजिस्ट्री करानी थी, लेकिन तीन दिनों से लगातार कार्यालय जाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। अब तहसीलदारों की हड़ताल से परेशानी और बढ़ गई है। सरकार को तहसीलदारों की मांगें पूरी करनी चाहिए

#### विरोध में पेन डाउन हड़ताल जारी
तहसीलदार रविंद्र हुडा ने बताया कि दो तहसीलदारों के निलंबन के विरोध में पेन डाउन हड़ताल जारी है। आज हड़ताल का दूसरा दिन है। एसोसिएशन के निर्देशों अनुसार आगामी रणनीति तय की जाएगी।

#### निराश होकर वापस लौटने को मजबूर
- 90 रजिस्ट्री अटकी, इंतकाल, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र की फाइलें रूकी

**जींद।** मांगों को लेकर जिले में तहसीलदार दूसरे दिन शुक्रवार को भी हडताल पर रहे। तहसीलदारों के हडताल पर रहने के चलते तहसील का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हुआ। हडताल के दूसरे दिन भी 90 रजिस्ट्री अटक गई वहीं इंतकाल, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य करीब 450 फाइलें अटक गई। इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार सुबह से ही लोग तहसील कार्यालयों में विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचे थे लेकिन कार्यालयों में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की गैरमौजूदगी के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। कार्यालय में केवल कुछ कर्मचारी अपनी सीटों पर नजर आए लेकिन तहसीलदारों के बिना फाइलें आगे नहीं बढ़ सकीं। कई लोग दूरदराज के गांवों से आए थे, जिन्हें खाली कार्यालय देख कर मायूसी हाथ लगी। तहसील कार्यालयों में रजिस्ट्री, इंतकाल, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य जरूरी राजस्व कार्य नहीं हो पाए।

---

# हैचरी कारोबारी से लाखों ऐंठे ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज

**आरोपित कार्यालय में आया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हैचरी कारोबारी को ब्लैकमेल कर लाखों ऐंठने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुरानी अनाज मंडी सफीदों निवासी चरण दास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव मलिकपुर हैचरी का डायरेक्टर है। उसकी फर्म कृषि उत्पादन में काफी समय से कार्य कर रही है। मानव संसाधन विभाग द्वारा सफीदों निवासी विकास को प्रशिक्षु नियुक्त किया था। जहां उसे संवेदनशील कर्मियों की जानकारी जुटाने तथा अनुशासन बनाए रखने की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। प्रबंधन को शिकायत मिली कि विकास कुमार एचआर से संबंधित कार्यों में अडंगा डाल रहा है। उसकी हरकतों को देखते हुए प्रबंधन ने उसे हटाने का निर्णय लिया। आरोपित ने कर्मियों तथा निदेशकों को धमकाया कि वह दूसरी कंपनियों को जानकारी दे देगा। जिसके चलते उन्हें आरोपित की मांग माननी पड़ी। अपना वेतन भी एक लाख 97 हजार रुपये करवा लिया। आरोपित ने कंपनी का गोपनीय डाटा लेकर कर्मियों को भड़काना शुरू कर दिया। सेवानिवृत होने के बाद भी एक साल तक विकास ने ब्लैकमेल की तीन गुणा वेतन प्रतिमाह वसूला। फिर उसे तथा कर्मियों को फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपये जबरन वसूले। कंपनी ने परेशान होकर गत तीन दिसंबर को विकास को बर्खास्त कर दिया। जिसके बाद आरोपित कंपनी कार्यालय में आया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। सदर थाना सफीदों के जांच अधिकारी मनजीत सिंह ने बताया कि ब्लैकमेल करने की शिकायत मिली थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है।

#### जांच जारी
सदर थाना सफीदों पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर चरण दास की शिकायत पर आरोपित विकास के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

### जींद: आयुष्मान सप्ताह दूसरे दिन 8 की सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक में आयुष्मान सप्ताह के तहत शुक्रवार को दूसरे दिन आठ सर्जरी हुई। पहले दिन सात सर्जरियां की गई। हालांकि पहले और दूसरे दिन भी नागरिक अस्पताल में ही सर्जरियां हुई हैं। जबकि नागरिक अस्पताल नरवाना, नागरिक अस्पताल सफीदों, नागरिक अस्पताल उचाना, सीएचसी जुलाना, सीएचसी अलेवा में कोई सर्जरी केस नही हुआ। शुक्रवार को आम दिनों की तरह ही नागरिक अस्पताल में जनरल सर्जरी के तीन, गायकनोलॉजी के दो व दो आंखों के आप्रेशन हुए। आयुष्मान पखवाड़े के तहत दो दिन में जींद अस्पताल में कुल 15 सर्जरियां की गई हैं। आयुष्मान सप्ताह 11 फरवरी तक आयोजित हो रहा है। ऐसे में उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सर्जरी की यह संख्या और बढ़ेगी।


**कलायत।** खाई में पलटी जेसीबी मशीन। *फोटो : हरिभूमि*

### कलायत: जेसीबी मशीन पलटने से मचा हड़कंप
**कलायत।** कलायत शहर के सजुमा रोड पर जनहित में निजी स्तर पर चलाए जा रहे सफाई अभियान के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सफाई कार्य में लगी जेसीबी मशीन अचानक सडक़ किनारे खाई में पलट गई। हालांकि चालक की सूझबूझ और स्थानीय लोगों की तत्परता से किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के किसान और आम नागरिक तुरंत मदद के लिए मौके पर पहुंचे। राहत कार्य में जुट गए। लोगों ने चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई। मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। वार्ड नंबर 2 के पार्षद आशीष राणा और किसान गौरव राणा ने बताया कि सजुमा रोड के आसपास लंबे समय से पशुओं का गोबर, कूड़ा-कचरा और गंदगी के ढेर लगे थे। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार दुर्घटना होने की आशंका भी बनी रहती थी। इसी को देखते जनहित में निजी स्तर पर सफाई अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि सफाई कार्य के दौरान सडक़ किनारा कमजोर होने से जेसीबी असंतुलित होकर खाई में जा गिरी। जिससे सफाई कार्य बीच में ही रोकना पड़ा। पार्षद आशीष राणा और किसान गौरव राणा ने आम जनता से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सहयोग करें।

---

# भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

**लोस में विपक्ष के नेता सिख समाज व देश की जनता से तुरंत माफी मांगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सिख समाज पर की गई टिप्पणी को लेकर रानी तालाब टी प्वायंट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि राहुल गांधी सिख समाज तथा देश से माफी मांगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सांसद रवनीत सिंह पर की गई टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल के नेतृत्व में रानी तालाब एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सिख समाज पर की टिप्पणी न केवल अशोभनीय है बल्कि सिख समाज का अपमान किया है। जिससे सिख समाज तथा देश के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति हमेशा महान पुरूषों अपमान करने, फूट डालो राज करने वाली रही है। उजूल-फिजूल के मुद्दों को लेकर देश की जनता को गुमराह करने कोशिश की लेकिन लोग कांग्रेस के चेहरे को पहचान चुके है। सिख कौम का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। चाहे मुगल काल की हो या स्वतंत्रता संग्राम या देश की आजादी की बात हो, सिख कौम हमेशा आगे रही है।


**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

#### अपमान सहन नहीं
सिख कौम ने हमेशा देशहित में बलिदान दिया है। सिख गुरूओं ने हमेशा नई दिशा देश तथा मानवता को दी है। कांग्रेस नेता उस योगदान को भी भूल गए। सिख समाज के अपमान को भाजपा किसी भी सूरत में बर्दाशत नही करेगी। उन्होंने कहा कि सिख समाज 1984 के दंगों को नही भूला है। राहुल गांधी को चाहिए की वह सिख समाज तथा देश से माफी मांगे। जिसके भाजपा कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए रानी तालाब के टी प्वायंट पर पहुंचे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुतले का फूंका। इस मौके पर पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी राकेश बूरा, गौरव भारद्वाज, जितेंद्र रोहड़, रामफल शर्मा हरिदास सैनी, डा. ओपी पहल समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**राहत** | स्वास्थ्य विभाग ने एजेंसी को मशीन ठीक करने के दिए थे निर्देश

# एक्सरे सुविधा शुरू होने से मरीजों को मिली राहत

- मशीन खराब होने से एक्सरे बाहर करवाने को मजबूर थे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालाय स्थित नागरिक अस्पताल में तीन दिनों से बंद पड़ी एक्सरे सुविधा शुक्रवार को आखिरकार पटड़ी पर लोट आई है। इस समय नई बिल्डिंग स्थित एक्सरे रूम में रेनोवेशन का कार्य चला हुआ है। जिसके चलते एक्सरे मशीन को टीबी वार्ड के पास शिफ्ट किया गया है। तीन दिन पहले मशीन में तकनीकी खामी आ गई थी। जिसके चलते एक्सरे मशीन सुचारू रूप से नही चल पा रही थी। शुक्रवार से एक्स रे सेवा शुरू होने से मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिली है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित एजेंसी को मशीन ठीक करने के दिशा-निर्देश दिए गए थे। तकनीकी खामियों को दूर कर एक्सरे सेवा शुरू होने से मरीजों को राहत मिली है। अब मरीजों को ओपीडी और इमरजेंसी दोनों में ही एक्सरे के लिए बाहर नही जाना होगा।


**जींद।** मशीन ठीक होने पर एक्सरे करवाने आए मरीज। फोटो : हरिभूमि

#### नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन 150 तक एक्सरे
नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन की बात की जाए तो प्रतिदिन सौ से 150 एक्सरे किए जाते हैं। वहीं सड़क दुर्घटना या अन्य मामलों में भी कई बार एक्सरे बेहद जरूरी होते हैं। दिव्यांग शिविर में प्रमाण पत्र बनवाने और स्वास्थ्य जांच के लिए दूर दराज से आए मरीजों को भी एक्सरे जांच करवानी अनिवार्य होती है। ऐसे में तीन दिन पहले मशीन खराब होने के कारण कई मरीजों को बाहर महंगे दामों पर एक्सरे करवाने पड़े। एक्सरे मशीन खराब होने के चलते शिकायतें स्वास्थ्य अधिकारियों तक पहुंच रही थी। एक्सरे जैसी बुनियादी जांच सुविधा बाधित होने से हड्डी रोग, दुर्घटना के मरीजों और अन्य गंभीर रोगियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए यह परेशानी और भी गंभीर हो गई थी। क्योंकि निजी अस्पतालों में एक्सरे जांच पर उन्हें अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा था।

#### तकनीकि खामी को ठीक कर मशीन को किया चालू
नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण एक्स रे सेवा प्रभावित हो रही थी। शुक्रवार को इंजीनियर ने मशीन की तकनीकि खामी को ठीक कर एक्सरे मशीन को दोबारा चालू कर दिया है। स्वास्थ्य प्रशासन ने इस मामले को पूरी गंभीरता से लिया है। भविष्य में इस तरह की परेशानी न हो इसके लिए भी व्यवस्था की गई है। जल्द ही दो डिजिटल एक्सरे मशीन भी अस्पताल में स्थापित करवाई जाएंगी।

---


**पूंडरी।** शहर से गोवंश को पकड़ते एजेंसी कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### 69 लावारिस गोवंश गोशाला में छोड़े
**पूंडरी।** पूंडरी नगर पालिका द्वारा शहर में लगातार बेसहारा गोवंश को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को एक विशेष अभियान के तहत कुल 69 लावारिस गोवंश, जिनमें अधिकांश सांड शामिल थे, को पकड़कर पूंडरी स्थित श्री जयराम आदर्श गोशाला में सुरक्षित रूप से छोड़ा गया। नगरपालिका सचिव मोहनलाल ने बताया कि शहर से बेसहारा गोवंश को पकड़ने के लिए नैन फाउंडेशन लिमिटेड को टेंडर दिया गया है, जो नियमित रूप से इस कार्य को अंजाम दे रही है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य शहर की सड़कों को पूरी तरह से बेसहारा गोवंश से मुक्त करना है, ताकि आमजन को यातायात में होने वाली परेशानी, सड़क हादसों और अन्य असुविधाओं से राहत मिल सके। इस अभियान के दौरान एसआई वीरेंद्र कुमार और सफाई दरोगा बालकिशन का विशेष सहयोग रहा। टीम ने सुनियोजित तरीके से विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर गोवंश को सुरक्षित पकड़ा और गोशाला तक पहुंचाया। नगर पालिका प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे बेसहारा गोवंश की सूचना तुरंत नगरपालिका कार्यालय को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। नगरपालिका के इस कदम से शहरवासियों में राहत की भावना देखी जा रही है और लोगों ने प्रशासन के प्रयासों की सराहना की है।



# एक्शन-थ्रिलर फिल्म सूबेदार का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** सूबेदार फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा ना होने के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। इस मूवी में अनिल कपूर और राधिका मदान लीड रोल में नजर आएंगे। यह एक एक्शन-थ्रिलर मूवी है। फिल्म सूबेदार के पोस्टर में अनिल कपूर स्वैग के साथ पंच मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन करेंगे। यह मूवी अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। हालांकि. अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो सकती है।

**लाइफ Style**



# यामी
## धुरंधर-2 में एक्शन मोड में देंगी दिखाई

धुरंधर की सक्सेस के बाद अब 'धुरंधर 2' आने वाली है। ये फिल्म मार्च में आएगी और इसमें यामी गौतम का कैमियो होगा। जी हां, ये बात अब कन्फर्म हो गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधर द रिवेंज' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम के फिल्म में कास्ट होने की खबर पक्की हो गई है। आइए आपको बताते हैं कि उनका फिल्म में रोल कैसा होगा। फिल्म में यामी का सिर्फ कैमियो होगा, लेकिन कहानी को आगे बढ़ाने में उनका रोल बड़ा अहम होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यामी ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। सूत्रों का कहना है कि 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'आर्टिकल 370' में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं यामी इस फिल्म में एक्शन मोड में दिखाई देंगी। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यामी का किरदार फिल्म के नैरेटिव (कहान) को एक नई दिशा देगा। हालांकि, यह एक छोटा रोल है, लेकिन इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दर्शक हैरान रह जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि 'उरी' (2019) के करीब 7 साल बाद आदित्य धर और यामी गौतम फिर से साथ में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। स्टार कास्टः फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में होंगे। उनके अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। 'धुरंधर 2' 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'धुरंधर'2025 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी।

**हॉलीवुड मसाला**



## अमेरिका में आजादी से काम नहीं कर सकती

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'ट्विलाइट'फेम एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि वह बतौर फिल्ममेकर, एक्ट्रेस अमेरिका में सहज महसूस नहीं करती हैं। साथ ही अमेरिका का राजनीतिक माहौल भी उनको पसंद नहीं है। वह ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर भी खुलकर बात कर चुकी हैं। एक बातचीत में क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि वह अब अमेरिका में क्रिएटिव तौर पर सुरक्षित महसूस नहीं करती है। साथ ही वह अब यहां सहज महसूस नहीं करती हैं। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह खुद को अमेरिका में रहते हुए आगे देखती हैं।



## मेलानिया बनी सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री!

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की नॉर्थ अमेरिका में वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग रही। हालांकि, फिल्म क्रिटिक्स से इस फिल्म को खराब रिव्यूज़ मिले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन ब्रेट रैटनर ने किया है। बता दें कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण से 20 दिन पहले की कहानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहले ट्रंप सपोर्टर्स ने इसे बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड पर करीब 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई तक पहुंचाया। यह आंकड़ा एक डॉक्यूमेंट्री के लिए बहुत बड़ा है। उम्मीद की जा रही है कि यह करीब एक दशक में अपनी तरह की सबसे अच्छी परफॉर्म करने वाली डॉक्यूमेंट्री बन जाएगी।



## शक्ति शालिनी में नजर आएगा विशाल

**मुंबई।** 'शक्ति शालिनी' मैडॉक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म में 'सैयारा'स्टार अनीत पड्डा नजर आएंगी। इस मूवी की शूटिंग मार्च में शुरू होगी। फिल्म में जबरदस्त ड्रामा और एक्शन देखने को मिलेगा। हाल ही इस फिल्म के मेल एक्टर को लेकर भी अपडेट सामने आई है। शक्ति शालिनी एक फीमेल-लेड एक्शन ड्रामा फिल्म है। एक खबर के मुताबिक विशाल जेठवा ने यह फिल्म साइन कर ली है। मैडॉक यूनिवर्स की इस फिल्म में वह अनीत पड्डा के साथ नजर आएंगे। वह फिल्म में अनीत के किरदार के लवर का रोल करेंगे।'शक्ति शालिनी' में जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ एक पर्सनल और इमोशनल एंगल भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स आगे भी मजेदार फिल्में ला रहा है।



## भागम भाग-2 में हुई मनोज की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड में इन दिनों पुरानी कल्ट फिल्मों के सीक्वल बनाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब साल 2006 में आई कल्ट कॉमेडी फिल्म 'भागम भाग' का सीक्वल भी बनने जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। लेकिन, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि फिल्म इस साल फ्लोर पर आ जाएगी। इस बीच अब 'भागम भाग 2' को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। इसमें फिल्म की कास्ट को लेकर बड़ा दावा किया जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'भागम भाग 2' की कास्ट में एक बड़ा बदलाव किया गया है। सीक्वल में जहां अक्षय कुमार और परेश रावल की वापसी हुई है। वहीं गोविंदा की जगह फिल्म में मनोज बाजपेयी नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माताओं ने मनोज बाजपेयी को कास्ट कर लिया है।

**टीवी मसाला**



## गुमनामी के साये में दूरदर्शन की रामायण के 'भगवान शिव'

**नई दिल्ली।** 1987 में टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण शो को पहली बार टेलीकास्ट किया गया था। निर्देशक रामानंद सागर के इस माइथोलॉजिकल शो की कास्ट की चर्चा अक्सर की जाती है। खासतौर पर भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकारों का नाम इसमें शामिल रहता है। लेकिन बहुत कम बार रामायण के गुमनाम कलाकारों के बारे में बात की जाती है। इस आधार पर आज हम आपको टीवी की रामायण में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विजय कविश का नाम शामिल होता है। टीवी सीरियल रामायण में विजय कविश ने बखूबी भगवान राम की भूमिका को निभाया था। अपने कमाल की एक्टिंग के लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई। लेकिन, आज वह कहां और क्या कर रहे हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। हम आपको बता दें कि विजय मुंबई में बतौर डायरेक्टर और एडिटर सक्रिय हैं। वह यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर अपनी शॉर्ट फिल्में और सीरीज को अपलोड करते हैं। हालांकि, फिल्मों और टीवी सीरियल्स में उनका उतना मौका नहीं मिल रहा है। एक तरह से रामायण से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले विजय कविश फिलहाल एक तरह से संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। गौर किया जाए उनके लुक की तरफ तो समय के साथ-साथ उनकी उम्र हो गई है और लुक पूरी तरह से बदल गया है। जिसका अंदाजा आप उनकी इन तस्वीरों को देखकर आसानी से लगा सकते हैं। रामानंद सागर की रामायण के अलावा विजय कपिश उत्तर रामायण में भी नजर आए थे, जिसमें उन्होंने महर्षि वाल्मीकि का किरदार अदा किया था। सिर्फ छोटे पर्दे के शो के अलावा विजय कविश ने बतौर अभिनेता फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

## नहीं हुई है एल्विश और जिया की सगाई

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस जिया शंकर की निजी जिंदगी हाल ही में कई डेटिंग अफवाहों के कारण सुर्खियों में रही है। सबसे पहले, एक्ट्रेस की सगाई की अटकलें अभिषेक मल्हान से लगाई गईं और बाद में एक मिस्ट्री मैन के साथ उनकी एक तस्वीर वायरल हुई, जिससे इन अफवाहों को और हवा मिली। अब जिया एक बार फिर सुर्खियों में हैं जब एल्विश यादव ने उनका हाथ पकड़े हुए अपनी तस्वीर शेयर की, जिसमें हीरे की अंगूठी थी और जिया शंकर को टैग किया। इस फोटो ने सगाई की अफवाहों को और हवा दी। लेकिन इसका सच तो कुछ और ही निकला। दरअसल, दोनों ने अपने नए शो के प्रमोशन के लिए ये हथकंडा अपनाया था। 'बिग बॉस ओटीटी' विनर एल्विश यादव के अकाउंट पर शेयर की गई स्टोरी में कैप्शन था, 'प्यार को एक और मौका दिया और मुझे मेरा दिल मिल गया,' जिससे यह हिंट मिला कि दोनों की सगाई हो गई है क्या!



## अरिजीत सिंह ने नए गाने में यूलिया के साथ दी आवाज

**मुंबई।** प्लेबैक सिंगिंग से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करने के बाद से अरिजीत सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब अरिजीत सिंह के नए गाने का टीजर सामने आया है। अरिजीत ने ये गाना शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में गाया है, जिसमें यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सलमान खान के म्यूजिक लेबल के तहत तैयार किया गया है। जो राजन द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के पहले गीत 'तेरे संग' का टीजर शुक्रवार को जारी किया गया है। गाने में यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने यूलिया के साथ मिलकर गाया है। यह गाना सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक के बैनर तले लॉन्च किया गया है। यूलिया का नाम पिछले काफी वक्त से सलमान खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। ऐसे में अब यूलिया की शॉर्ट फिल्म के गाने को भी सलमान खान द्वारा ही लॉन्च किया गया है। इससे दोनों की नजदीकियों को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



'इकोज ऑफ अस' में दीपक तिजोरी और यूलिया वंतूर के अलावा स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। 'तेरे संग' गाना यूलिया और अरिजीत का पहला कोलैबरेशन है। इस शॉर्ट फिल्म का निर्माण अभिनेत्री पूजा बत्रा ने एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया है। पिछले साल 28 जून 2025 को सलमान खान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'इकोज ऑफ अस' की टीम को शुभकामनाएं देते हुए फिल्म की रिलीज के लिए बधाई दी थी। साथ ही 47 सेकंड का पहला लुक टीजर भी साझा किया था।

## रामायण फिल्म में विजय सेतुपति विभीषण का निभाएंगे किरदार...



**मुंबई।** फिल्म रामायण को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे। 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। विभीषण, अपने भाई रावण के बजाय भगवान राम का साथ देते हैं। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आंएगे। फिल्म को मेकर्स पैन इंडिया रिलीज करने वाले हैं। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हंस जिमर बना रहे हैं।

**क्वीन ऑफ चेस में दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला की जिंदगी का सफर**

# धमाकेदार होगा फरवरी का पहला सप्ताहांत; रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। शुक्रवार 6 फरवरी को कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुईं। वहीं, बॉर्डर 2 और मर्दानी 3 पहले से लगी हैं। लेकिन, जिन दर्शकों को वीकएंड पर थिएटर्स जाने में दिलचस्पी नहीं है या सर्द मौसम में घर बैठे ही कोई बढ़िया फिल्म-सीरीज एंजॉय करना चाहते हैं तो उनके लिए भी दिलचस्प ऑप्शन हैं। जानिए फरवरी के पहले वीकएंड पर ओटीटी की लिस्ट में क्या है?*

### द राजा साब

प्रभास अभिनीत फिल्म 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे रही है। फिल्म 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है। यह हॉरर कॉमेडी फिल्म है। थिएटर्स में फिल्म खास प्रदर्शन नहीं कर पाई है। देखना दिलचस्प होगा कि यह ओटीटी पर क्या कमाल करती है।

### किस किस प्यार करूं 2

कपिल शर्मा अभिनीत फिल्म 'किस किस प्यार करूं 2' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। यह फिल्म आज शुक्रवार 6 फरवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।






### 'शबद रीत और रिवाज

यह छह एपिसोड की ड्रामा सीरीज है। यह 16 वर्षीय किशोर घुप्पी की कहानी है, जिसे हकलाने की बीमारी है। फुटबॉल के लिए उसमें गजब का जुनून है। इसके चलते पिता के साथ उसका टकराव होता है। दरअसल, उसके पिता चाहते हैं कि घुप्पी, परिवार की भक्ति वाले रागी गायन की पवित्र परंपरा को आगे बढ़ाए। सीरीज पंजाब के खूबसूरत बैकग्राउंड पर बेस्ड है। इसमें घुप्पी के संघर्ष, डर, महत्वाकांक्षा को दिखाया है। कमी के बावजूद अपनी मेहनत के बूते वह अपना सफर तय करता है। इस सीरीज को 06 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं।

### 'डेथ व्हिसपरर 3

इस वीक थाई हॉरर फिल्म 'डेथ व्हिस्परर 3' भी देखने के लिए उपलब्ध है। यह फिल्म अक्तूबर 2025 में थिएटर्स में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 04 फरवरी 2026 से यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

### क्वीन ऑफ चेस

यह एक डॉक्यूमेंट्री है। इसमें दुनिया के टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में अकेली महिला 'जुडिट पोल्गर' की जिंदगी को दिखाया गया है। सीरीज में पुरुष प्रधान खेल में उनके सफर की कहानी बयां की गई है। इसे 6 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### पराशक्ति

साउथ इंडस्ट्री की फिल्म 'पराशक्ति' भी आज शुक्रवार से ओटीटी पर रिलीज हो रही है। एक्टर शिवकार्तिकियन की यह फिल्म 10 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फरवरी में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसने दस्तक दी है। इसे 07 फरवरी से जी5 पर देखा जा सकता है।

# गली में लटक रहे बिजली निगम के जर्जर तार, सुख की नींद सो रहे अधिकारी

# मौत के साये में रहने को मजबूर कानूनगो मोहल्ला के निवासी

## कई जगह बिजली के खंभे ना होने के कारण दीवारों के सहारे लगाए तार

**करंट लगने से एक व्यक्ति बाल-बाल बचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बिजली निगम की लापरवाही के चलते शहर के चंदाना गेट स्थित कानूनगो मोहल्ला के वासियों को डर के साये में जीने को मजबूर होना पड रहा है। कालोनीवासियों को हर समय करंट का डर सताता रहता है। गलियों में नीचे लटकते पता नहीं कब करंट मार दें। लापरवाही यहीं तक नहीं है बल्कि निगम के कर्मचारियों द्वारा खंभे न लगाए जाने के चलते अब ये तार टेलीफोन के पुराने खंभों पर लटकते नजर आ रहे हैं। कईं साल के जर्जर तार पता नहीं कब करंट मार दें किसी को पता नहीं। बुधवार को जैसे ही सुबह के समय टहलते हुए डा. अमृत लाल ने गली में खडे टेलीफोन के खंभे को छुआ तो उसे जोर का झटका लगा तथा वह जमीन पर गिर पड़ा। उसके परिजनों ने उसे अस्पताल में दाखिल करवाया। उसकी बाजू व टांग पर चोट बताई जा रही है। कालोनीवासी राजीव कुमार, साहिल, अमित, नीरज कुमार ने बताया कि मोहल्ले की तार जर्जर होने के कारण ये बीच गली लटक रही हैं। तार कब टूट जाएं कोई पता नहीं। यही नहीं बिजली के खंभे न होने के कारण ये दीवारों के सहारे लगाई गई हैं जो अक्सर टूटकर हादसे को न्योता देते नजर आती हैं। इससे पूर्व भी कई हादसे हो चुके हैं लेकिन कोई भी अधिकारी या कर्मचारी इस ओर ध्यान देने के लिए तैयार नहीं है। कई बार कर चुके हैं शिकायतः कालोनीवासी राजीव कुमार ने बताया कि कालोनी की जर्जर तारों को लेकर वे कई बार निगम के अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं लेकिन आज तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने इन तारों को बदलने की जहमत नहीं उठाई।


कैथल। गली में लटक रहे बिजली के तार। फोटो :हरिभूमि


कैथल। टेलीफोन के खंभे पर लगाए गए बिजली के तार। फोटो :हरिभूमि

### एस्टीमेट बनेगा

*कालोनीवासियों का कहना है कि वे जब जब इसकी शिकायत लेकर निगम में जाते हैं तो अधिकारियों का रटा रटाया एक ही जवाब मिलता है कि इसका एस्टीमेट बनाया जाएगा। एस्टीमेट बनते बनते सालों गुजर गए लेकिन आज तक ये बदल नहीं पाई हैं।*

### जल्द समाधान करवाया जाएगा

बिजली निगम के सिटी वन एसडीओ शिवम ने बताया कि यह मामला आपके माध्यम से संज्ञान में आया है। इस पर जल्द ही जानकारी लेकर समाधान करवा दिया जाएगा ताकि भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना न हो पाए।

## खबर संक्षेप

### बजट पर युवा संवाद विषय पर सेमिनार

**जींद।** महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के प्रांगण में आज बजट पर युवा संवाद विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला जींद बजट प्रचार टोली प्रमुख सुरेन्द्र धवन ने युवाओं के देश निर्माण में योगदान तथा केंद्रीय बजट में युवाओं के लिए किए गए प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। सुरेन्द्र धवन ने कहा कि आज का युवा भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

### छात्रों ने योग से स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के बुआना गांव में स्कूली छात्रों द्वारा सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। यह आयोजन आयुष विभाग के तत्वावधान में चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के तहत किया गया।

### ट्रांसफार्मरों के कीमती उपकरण चोरी

**जींद।** जिले में बिजली उपकरण चोर गिरोह ने तीन बिजली ट्रांसफार्मरों के कीमती उपकरण चोरी कर लिए। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम के जेई जयबीर ने बताया कि बिजली उपकरण चोरों ने जाजनवाला सं ट्रांसफार्मर के कीमती ऑयल को चोरी कर लिया। वहीं गांव खटकड़ निवासी रामपाल के खेत से चोरों ने ट्रांसफार्मर के उपकरणों को चोरी कर लिया है।

### दो बच्चों के साथ महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** हरी नगर नरवाना से दो बच्चों के साथ महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरी नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी अपने दो बच्चों के साथ मायके आई थी।

### 19 अप्रैल को वर्षीतप पारणा महोत्सव होगा

**उचाना।** संघ प्रमुख आगम ज्ञाता अरूण चंद्र महाराज का इस बार वर्षीतप पारणा उनकी जन्म भूमि भठिंडा (पंजाब) में होगा। इस दिन आसपास के राज्यों से लोग पहुंचेंगे। 19 अप्रैल को वर्षीतप पारणा महोत्सव होगा। विभिन्न जगहों पर धर्म का प्रचार करने के लिए जा रहे अरूण चंद्र महाराज समैण से विहार करके टोहाना पहुंच चुके है। नरवाना, उचाना, सुरेवाला, उकलाना, बिठमड़ा में धर्म का प्रचार करते समैण के रास्ते श्रद्धालुओं के साथ टोहाना रजबाहा के पास स्थित जैन स्थानक पहुंचे।

### गोल्डन आवर में मदद करने से न डरें : डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन से अपील करते कहा कि सड़क दुर्घटना के समय गोल्डन ऑवर में दी गई त्वरित सहायता किसी की जान बचा सकती है और ऐसे में आगे आने वाले राह वीरों (नेक आदमी) को किसी भी प्रकार के डर या कानूनी झंझट की आवश्यकता नहीं है।

### राजकीय स्कूल तारखां में किया सूर्य नमस्कार

**उचाना।** आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के निर्देशानुसार राजकीय माध्यमिक विद्यालय तारखां में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। आयुष योग सहायक सतीश कुमार द्वारा विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म क्रियाएं, प्राणायाम तथा स्वस्थ दिनचर्या के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक देखा

**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल, में केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी पहल "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम का प्रसारण विद्यालय परिसर में अत्यंत उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ देखा गया। निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, मैनेजर गौरव गर्ग, प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक, समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

### थाना प्रभारियों को निर्देश लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसपी

**जींद।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा जिला जींद के सभी प्रवेक्षण अधिकारी, सभी थाना प्रभारी व चौकी इंचार्जो की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाना रहा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने इलाका थाना क्षेत्रों में निरंतर प्रभावी गश्त सुनिश्चित करें। क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, चोरों तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलते ही तुरंत प्रभाव से कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक जींद ने यह भी कहा कि एनडीपीएस व अन्य गंभीर मामलों में आदतन अपराधियों कि जमानत रद्द करवाई जाए तथा लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। प्रत्येक थाना प्रभारी अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखे तथा जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करे।

### हड़ताल की तैयारियों को लेकर जत्था पहुंचा जींद

**जींद।** आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मजदूर, कर्मचारियों का राज्यस्तरीय जत्था पहुंचा। जिसमें सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के नेताओं ने हिस्सेदारी की। इन गांवों में आयोजित जनसभाओं में निर्माण मजदूरों, मनरेगा श्रमिकों, आशा वर्करों, मिड डे मील वर्करों और किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सरकार की नीतियों के खिलाफ कड़ा रोष प्रकट किया। जनसभाओं को संबोधित करते हुए जत्थे में शामिल सकसं के राज्य महासचिव कृष्ण नैन, जिला प्रधान संजीव ढांडा, सीटू राज्य सचिव कपूर सिंह ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की नीतियां लगातार मेहनतकश जनता के अधिकारों का हनन कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में श्रम कानूनों को कमजोर कर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया है।


जींद। मंच पर मौजूद रानिया विधायक अर्जुन चौटाला। फोटो :हरिभूमि

### सरकार युवाओं को बेरोजगारी में धकेल रही : चौटाला

**जींद।** सैनी धर्मशाला में इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी का जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का शुक्रवार को आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि रानिया के विधायक अर्जुन सिंह चौटाला रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा के अध्यक्ष राजेश बूरा ने की। वहीं युवा प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी व जिला के युवा प्रभारी प्रदीप गिल भी मुख्य रूप से उपस्थिति रहे। सम्मेलन को संबोधित करते रानिया के विधायक अर्जुन सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की सरकार ने विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगा कर के बुजुर्गों के सम्मान भत्ते के रूप में दी जानी वाली पैंशन को काटने का षड्यंत्र रचा हुआ है। सम्मान भत्ता चौधरी देवीलाल ने वृद्धों के सम्मान के लिए शुरू किया था लेकिन पहले इसके ऊपर कांग्रेस सरकार में भूपेंद्र हुड्डा और भजन लाल ने कैंची चलाने का काम किया। अब उसके बाद भाजपा की हरियाणा की सरकार बुजुर्गों के सम्मान भत्ते के पीछे पड़ी है और कोई ना कोई बहाना लगा वृद्धावस्था पेंशन को काटने का काम कर रही है।


पूंडरी। कार्यक्रम में मौजूद श्वेता स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### छात्रों ने शानदार प्रस्तुति से बांधा समां

**पूंडरी।** करनाल कैथल रोड पर स्थित श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल फतेहपुर पूंडरी में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और भावनाओं का सुंदर संगम देखने को मिला। विदाई समारोह के दौरान चेयर गेम, बैलून गेम, चॉकलेट पिकअप गेम के साथ-साथ गीत, शायरी, नृत्य व अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर समां बांध दिया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें सकारात्मक सोच अपनाने, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और जीवन में निरंतर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। समारोह में कक्षा 12वीं की छात्रा यक्षिता को मिस फेयरवेल, सना को मिस टॉपर, हर्षित को मिस्टर फेयरवेल तथा सचिन को नॉन मेडिकल मिस्टर टॉपर चुना गया। शिक्षकों के मनोरंजक खेल भी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे, जिनका विद्यार्थियों ने खूब आनंद लिया।

### भाषण प्रतियोगिता में अवनीत कौर प्रथम

**सीवन।** जिले के डाइट में किशोरावस्था जागरूकता को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल सीवन ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उपरोक्त जानकारी देते स्कूल की इंचार्ज सुमन वधवा ने बताया कि कक्षा ग्यारहवीं की अवनीत कौर छात्रा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही । वाद -विवाद प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं के हर्ष और अंशुल द्वितीय स्थान पर रहे और कक्षा नौवीं की छात्रा गुरु कीरत कौर पेंटिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर रही। पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा किया गया। स्कूल में पहुंचने पर प्रथम द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों का माल्यार्पण करके भव्य स्वागत किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।


सीवन। डीएवी स्कूल के विजेता बच्चे इंचार्ज सुमन वधवा के साथ।


खानपुर में कमरा निर्माण का शुभारम्भ करती भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी

### कक्षा कक्ष के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**सीवन।** खंड सीवन के गांव खानपुर स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले कक्षा कक्ष के निर्माण कार्य का शुभारंभ भाजपा की जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने नारियल फोड़कर किया। कार्यक्रम में गांव की सरपंच अमनदीप कौर, सरपंच प्रतिनिधि सोनू सैनी, मार्केट कमेटी सीवन के चेयरमैन शमशेर सैनी, संदीप सैनी, विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रधान प्रीति, पंचायत सदस्य गीतू सहित शिक्षकगण, पार्षदगण व ग्रामीण उपस्थित रहे। ज्योति सैनी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं बच्चों के भविष्य को मजबूत करती हैं। सरपंच अमनदीप कौर व सरपंच प्रतिनिधि सोनू सैनी ने बताया कि यह कक्ष हरियाणा सरकार द्वारा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी के विशेष प्रयासों से स्वीकृत हुआ है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही विद्यालय में पुस्तकालय का भी उद्घाटन किया गया था, जिससे बच्चों में अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी। ग्रामीणों ने विद्यालय के विकास कार्यों के लिए ज्योति सैनी व सरपंच अमनदीप का आभार व्यक्त किया।

## नियमित कॉलोनियों की सूची जारी : जिला नगर योजनाकार

# अवैध कॉलोनी में रजिस्ट्री व एग्रीमेंट पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र जींद के राजस्व एस्टेट में कुछ खसरा नंबरों पर बिना लाइसेंस सीएलयू, एनओसी के अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। विभाग द्वारा संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अनुरोध किया कि राजस्व एस्टेट जींद के खसरा नंबर 41//8 मिन, 9 मिन, 12, 13 मिन, 14 मिन, 17 मिन, 18 मिन, 19, 20 मिन, 21 मिन, 22 मिन, 23 मिन में किसी भी प्रकार की सेल डीडए एग्रीमेंट टू सेल, फुल पेमेंट एग्रीमेंट अथवा पावर ऑफ अटॉर्नी का पंजीकरण न किया जाए।



ये रही नियमित कॉलोनियों की सूची : जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि इन अवैध कॉलोनी के समीप स्थित राजस्व एस्टेट जींद यूसी 34 निकट रेलवे स्टेशन जिसका क्षेत्रफल 18.85 एकड़ है तथा जिसके खसरा नंबर 40//22 मिन, 23 मिन, 24 मिन, 25 मिन, 41//21 मिन, 22 मिन, 57/1, 2 मिन, 8 मिन, 9, 10, 11, 12, 13 मिन, 18 मिन, 19 मिन, 20, 21, 22 मिन, 58//2 मिन, 3 मिन, 4 मिन, 5 मिन, 6, 7, 8 मिन, 13 मिन, 14 मिन, 15, 16 मिन, 17 मिन, 25 मिन तथा 64//1 मिन हैं। इसी प्रकार नरवाना से जींद रोड के निकट यूसी 34सी राजस्व एस्टेट जींद जिसके खसरा नंबर 42//2 मिन, 3 मिन, 8 मिन, 9 मिन, 11 मिन, 12 मिन, 13, 14 मिन, 17 मिन, 18, 19, 20 मिन, 21 मिन, 22, 23, 24 मिन तथा 56//1, 2, 3, 4 मिन, 7 मिन, 8 मिन, 9 मिन, 10, 11, 12 मिन, 13 मिन हैं। नरवाना से जींद रोड के निकट राजस्व एस्टेट जींद के यूसी 3बी जिसका क्षेत्रफल 3.40 एकड़ है तथा खसरा नंबर 41//17 मिन, 18 मिन, 23मिन, 24 मिन, 25 मिन, 57//3 मिन, 4 मिन, 5 मिन, 7 मिन हैं। नरवाना से जींद रोड के निकट राजस्व एस्टेट जींद के यूसी 34डी जिसका क्षेत्रफल 5.282 एकड़ है तथा खसरा नंबर 35//20 मिन, 21मिन, 36//16 मिन, 24 मिन, 25 मिन, 40//5 मिन, 6 मिन, 41//1मिन, 2 मिन, 8 मिन, 9 मिन, 10 मिन हैं तथा यूसी 34, रेलवे स्टेशन के निकट राजस्व एस्टेट जींद टाउन में जिसका क्षेत्रफल 6.598 एकड़ है तथा खसरा नंबर 41//3, 4, 7, 8/1, 14/1, 14/2, 15/1, 16/1, 17/2 मिन हैं, ये सभी नियमित कॉलोनियां हैं।

### कार्रवाई निरंतर जारी

जिला नगर योजनाकार ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संपत्ति खरीदने या दस्तावेज पंजीकृत करवाने से पहले संबंधित कॉलोनी की वैधता की जांच अवश्य कर लें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी असुविधा का सामना न करना पड़े। विभाग द्वारा अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी है।

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षणार्थियों ने पूरा किया पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**जींद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। इसमें प्रतिभागियों को सिलाई व कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के संयोजक डा. धीरज पंघाल ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र पर महिलाओं के उत्थान के लिए समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाते हैं। जिनके बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उनको प्रेरित करते हुए कहा कि अपने जीवन में सिलाई व कढ़ाई के नवीनतम तकनीकों को लघु उद्योग के रूप में अपनाकर अपना जीवन स्तर बेहतर बनाया जा सकता है। डा. पवन ने प्रतिभागियों को कृषि विज्ञानं केंद्रों की भूमिका के बारे में बताया और विभिन्न सिलाई कढ़ाई की नवीन तकनीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान अन्य एक्सपट्र्स डा. रवि व सुरेंद्र मित्तल ने भी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी।

### गांव से जुड़ने वाली सड़कों का होगा सुधारीकरण

**उचाना।** कपास मंडी स्थित किसान सेवा केंद्र में मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। मार्केट कमेटी सचिव योगेश गुप्ता, वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग उचाना खुर्द सहित सदस्य, आढ़ती, मजदूर पहुंचे। फसल के सीजन को लेकर सुझाव भी मांगे गए ताकि किसी तरह की परेशानी किसान, आढ़तियों, मजदूरों को न हो। चेयरमैन ने बताया कि मीटिंग में घोघड़िया से करसिंधु होते हुए खरकभूरा को जाने वाले रास्ते, उचाना कलां से केंद्रीय विद्यालय बुडायन के पास से होते हुए मखंड को जाने वाले रास्ते का सुधारीकरण को लेकर प्रस्ताव पास करके मुख्यालय भेजे गए है। उन्होंने कहा कि विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई है। फसल के सीजन को देखते हुए किसी तरह की परेशानी पीने के पानी, लाइटों, सफाई को लेकर न हो इसको लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। निरंतर सरकार किसान, आढ़ती, मजदूर हित में कार्य कर रही है।

### लोधर स्कूल के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**उचाना।** गत पांच फरवरी को आयोजित जिला स्तरीय पीएम श्री स्कूली खेल कूद प्रतियोगिता में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोधर के खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते 16 स्वर्ण पदक, आठ रजत पदक व तीन कांस्य पदक सहित कुल 27 पदक जीते। मुनीत बेरवाल डीपीई ने बताया कि जिला स्तरीय खेल एथेलेटिक्स के इवेंट आयोजित किए गए। छठी से आठवीं कक्षा के खेलों में मनीषा ने लॉग जंप में स्नेहा ने 400 मीटर, सुधा ने डिस्कस थ्रो, पलक ने हाई जंप में स्वर्ण पदक जीता। मनीषा ने 200 मीटर, आंचल ने शॉट पुट में रजत पदक और अंकित ने हाई जंप, ललित ने 400 मीटर, साहिल ने डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीता। लड़कियों की रिले टीम मनीषा, स्नेहा, सुधा, मंजू ने रजत पदक जीता। इस मौके पर ईश्वर, बलिंद्र गिल, सतविंद्र श्योकंद, मनरूप, राजबीर, दिलबाग, नरेश, सरिता, सोनिया, कुमारी मन्नू, रामकुमारए राममेहरए राजेश मौजूद रहे।



जींद। सूर्य नमस्कार करते साधक। फोटो :हरिभूमि

### ढिगाना में स्वास्थ्य कर्मियों ने किया सूर्य नमस्कार

**जींद।** जुलाना क्षेत्र के ढिगाना गांव के हेल्थ वेलनेस सेंटर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें योग सहायिका सुदेश कुमारी ने स्वास्थ्य कर्मियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। यह कार्यक्रम आयुष विभाग के दिशा-निर्देशों में 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आयोजित किया गया। सुदेश कुमारी ने योग के महत्व के बारे में कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति और पूर्वजों की पहचान है। नियमित योग अभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग को अपनाना बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला, योग कोऑर्डिनेटर डा. योगेश एवं योग विशेषज्ञ गोविंदा के मार्गदर्शन हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सूर्य नमस्कार बारह आसनों का क्रमबद्ध अभ्यास है। इस मौके पर कविता, डा. सुरेश व आशा वर्कर्स भी मौजूद रही।

### लंबित शिकायतों के शीघ्र निपटान के निर्देश

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लंबे समय से लंबित पड़ी सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते संबंधित विभाग उनके त्वरित एवं प्रभावी निपटान करना सुनिश्चित करें। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की बैठक के दौरान समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में डीसी ने विभागवार लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार, तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पूर्व चंडीगढ़ से आयुक्त एवं सचिव आशिमा बरार ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को समाधान प्रकोष्ठ में लंबित शिकायतों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अनुशासन और कार्यक्षमता का किया मूल्यांकन

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को भव्य रोजगार मेले (कैंपस प्लेसमेंट) का आयोजन किया गया। यह रोजगार कैंपस संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें देश की प्रतिष्ठित जेसीबी इंडिया लिमिटेड बल्लभगढ़ हरियाणा ने भाग लिया। इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य आईटीआई उम्मीदवार को रोजगार के अवसर प्रदान करना एवं उद्योग से सीधा जुड़ाव सुनिश्चित करना रहा। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान जेसीबी इंडिया लिमिटेड की भर्ती टीम द्वारा विभिन्न ट्रेडों के अभ्यर्थियों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस प्रक्रिया में लिखित एवं मौखिक इंटरव्यू के माध्यम से छात्रों की तकनीकी योग्यता, व्यावहारिक ज्ञान अनुशासन एवं कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न ट्रेडों के कुल 338 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। जिनमें से इंटरव्यू प्रक्रिया के आधार पर 170 योग्य अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया।

### जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक ने डिपो धारकों की सुनी समस्याएं

**जींद।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक सौरव चोयल द्वारा शुक्रवार को पीआर केंद्र में जींद ब्लॉक के डिपो धारकों की बैठक ली गई। बैठक में डिपो धारकों की समस्याओं व लाभार्थियों की समस्याओं को जानने व उनका समाधान करने बारे चर्चा की। डिपो धारकों द्वारा बताया कि काफी वर्षो बाद जिला नियंत्रक द्वारा इस तरह की बैठक का आयोजन किया। जिससे डिपो धारकों में काफी उत्साह था। डिपू धारकों द्वारा राशन वितरण से संबंधित समस्याएं बताई गई। जिसमें डिपो धारकों ने बताया कि लाभार्थी किसी भी समय राशन लेने आ जाते हैं, जिससे हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक सौरव चोयल द्वारा लाभार्थियों व डिपो धारकों को अवगत करवाया जाता है कि डिपो खोलने व बंद करने का समय ग्रीष्मकाल व शीतकाल में अलग-अलग तय किया है। जिसके अनुसार एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह आठ बजे से 12 बजे तक, सायं पांच बजे से आठ बजे तक व एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह नौ बजे से एक बजे तक व सायं तीन से छह बजे तक तय किया हुआ है।

### अग्रसैन भवन के लिए 31 लाख रुपये का चेक सौंपा

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नपा कार्यालय में अग्रसैन भवन के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा घोषित 31 लाख का चेक सौंपे जाने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा चेयरमैन डॉ संजय जांगड़ा ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कैप्टन योगेश बैरागी ने बताया कि 19 जुलाई को जुलाना में आयोजित एक जनसभा के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अग्रसैन भवन के लिए 31 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की थी। यह घोषणा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में की गई थी। उसी घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए अब यह राशि महाराजा अग्रसैन धर्मशाला ट्रस्ट को चैक के माध्यम से प्रदान की गई है।

### हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा : संदीप चहल

**उचाना।** गौभक्त संदीप चहल बड़ौदा सेल्फी विद काऊ (गाय) अभियान की शुरूआत कर लोगों को गाय की सेवा करने के साथ-साथ अधिक से अधिक इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। संदीप चहल ने बताया कि हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा है। गाय की सेवा करना हमारा धर्म एवं दायित्व बनता है।

**सूचना**

मैं, प्रवीन कुमार पुत्र श्री पदम प्रकाश निवासी शिव कालोनी, जींद, जिला जींद बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अंश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### शिवानिया की छात्राओं ने जीता स्वर्ण पदक

**उचाना ।** गत एक से तीन फरवरी तक पलवल के सर छोटू राम स्टेडियम में हरियाणा आर्चरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित 40वीं हरियाणा स्टेट आर्चरी चैंपियनशिप के बालिका वर्ग में शिवानिया पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने स्वर्ण, कांस्य पदक जीता। सोनम पुत्री वीरेंद्र खरकभूरा कक्षा 11वीं ने बालिका वर्ग सीनियर में स्वर्ण पदक जीता।

### जुलाना में लगाया गया जागरूकता शिविर

**जुलाना ।** जुलाना कस्बे की परशुराम धर्मशाला में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य आमजन को केंद्र सरकार की योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए और अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाया जाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। लोगों को संबोधित करते हुए कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच को दर्शाती है। यह योजना न केवल आम जनता को राहत प्रदान करेगी।

### विश्वविद्यालय हॉस्टल में खराब भोजन और स्वच्छता की कमी

# हॉस्टल एवं मैस से जुड़ी समस्याओं को लेकर ओएसडी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हॉस्टल एवं मैस से जुड़ी लगातार बनी हुई गंभीर समस्याओं को लेकर छात्रों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर ज्ञापन वीसी को ओएसडी डा. विजय सैनी को सौंपा। इस प्रदर्शन का नेतृत्व किसान छात्र एकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई सुमित लाठर, एनएसयूआई अध्यक्ष जयदीप सिंधु किया।

छात्र नेताओं ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी है कि खराब भोजन, स्वच्छता की कमी और छात्रों के स्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ के लिए मैस ठेकेदार के विरुद्ध नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाए। किसान छात्र एकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित लाठर ने कहा कि विश्वविद्यालय के हॉस्टलों में लगातार घटिया भोजन परोसा जा रहा है। जिससे छात्रों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि छात्र अपनी समस्याएं लेकर आंदोलन कर रहे हैं। छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से नही लिया जा रहा है। जयदीप सिंधु ने कहा कि हॉस्टल और मैस की स्थिति किसी से छिपी नही है। बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। आज छात्रों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी है। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो छात्रों के साथ मिल कर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसान छात्र एकता संगठन के कार्यकारिणी प्रधान गोविंद सैनी ने कहा कि यह कोई छोटी समस्या नही है बल्कि यह सीधे-सीधे विद्यार्थियों के जीवन और भविष्य से जुड़ा विषय है। मैस में खराब भोजन और अव्यवस्था लगातार बनी हुई है। मैस ठेकेदार पर नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए। छात्र संगठनों ने प्रशासन को चेताया कि यदि हॉस्टल एवं मैस की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।



**जींद ।** वीसी के ओएसडी को ज्ञापन सौंपते हुए छात्र नेता।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अजमेर रेढू, मनजीत खोखरी, पंकज गोदारा, प्रथम, मोहित, नकुल इत्यादि छात्र मौजूद रहे।

### निजी बसों में छात्र बस पास मान्य करने की मांग

## अभाविप ने रोडवेज ट्रैफिक मैनेजर को सौंपा ज्ञापन



**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार को रोडवेज ट्रैफिक मैनेजर (टीएम) से मुलाकात की और परिवहन समिति बसों में छात्र बस पास की अनुमति या रियायती किराया लागू करने की मांग की। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि हरियाणा रोडवेज द्वारा जारी छात्र बस पास की वैधता को लेकर माननीय न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के कारण जिले के हजारों छात्र व छात्राओं को प्रतिदिन आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एबीवीपी ने इस विषय को गंभीर सामाजिक एवं मानवीय मुद्दा बताते हुए निजी बस संचालकों से छात्रों को अस्थायी राहत देने की अपील की है। वर्तमान में कई रूटों पर हरियाणा रोडवेज की बसें पर्याप्त संख्या में संचालित नही हो रही हैं। जिसके कारण विद्यार्थियों को मजबूरी में निजी बसों या निजी साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। निजी बसों में छात्र बस पास मान्य न होने से छात्रों को प्रतिदिन 150 से 200 रुपये तक किराया देना पड़ रहा है। जो कि निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए एक गंभीर आर्थिक बोझ बन चुका है। जिले के अनेक छात्र व छात्राएं आर्थिक असमर्थता के कारण नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं। जिससे उनकी पढ़ाई और भविष्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह समस्या और भी विकट रूप ले चुकी है। एबीवीपी जींद विश्वविद्यालय प्रधान सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि निजी बस एसोसिएशन से कहा कि छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोई अस्थायी व्यवस्था की जानी चाहिए।



**जींद ।** मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## धान घोटाले की जांच के लिए भाकियू ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| जींद

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप द्वारा शुक्रवार को रानी तालाब पर धरना दिया गया। इसके बाद भाकियू कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए डीसी कार्यालय पहुंचे और डीसी को मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर भाकियू की जिला प्रधान अनीता सुदकैन, बिल्लू प्रधान सफीदों, कैथल के प्रधान गुरनाम सिंह, हरिकेश काबरछा, विक्रम कसाना, राजेश नंबरदार सुदकैन, रतिराम दहिया सोनीपत भी मौजूद रहे। \ भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने रानी तालाब पर भाकियू कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पांच हजार करोड़ से भी अधिक का धान घोटाला हुआ है। इसकी निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है। सरकार इसमें ढिलाई बरत रही है। इसकी निष्पक्ष जांच करवाकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके अलावा मंडी और सेलर में कैमरों का मिलान करवाया जाए ताकि इस घोटाले की सभी परतें खुल सकें। चढ़ूनी ने कहा कि सरकार अनाप-शनाप शर्तें लगाकर बुजुर्गों की पेंशन काट रही है। सभी शर्तों को वापस लेकर काटी हुई पेंशन बहाल की जाए। प्रदेश में शिक्षा का व्यापारीकरण कर दिया गया है। हर स्कूल में अपनी मर्जी से स्कूल बैगए जूते, वर्दी, किताबें खरीदी जा रही हैं। प्राइवेट स्कूलों की बढ़ती हुई फीस पर अंकुश लगाया जाए। इससे शिक्षा का स्तर काफी गिर रहा है, इसमें सुधार किए जाएं।

#### डीसी को ज्ञापन सौंपा

*एसपी कानून की गारंटी सुनिश्चित की जाए ताकि किसान को उसकी फसल का पूरा मूल्य मिल सके। बिजली बिल पर पुनर्विचार किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से भाकियू ने धान घोटाले की निष्पक्ष जांच करने, फिजिकल वेरिफिकेशन में भ्रष्टाचार के आरोपित अधिकारी को सजा देने, मंडी और सेलर के कमरों का मिलान करवाने, काटी गई बुढ़ापा पेंशन को तुरंत बहाल करने की मांग की गई। इसके बाद सभी किसान प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे और डीसी को मांगों का ज्ञापन सौंपा।*

# संघ ने कर्मचारियों से संपर्क साधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने हैफेड, एग्रो, मार्केट कमेटी,पंचायती राज व जिला परिषद में 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी हेतु जिला प्रधान ओमपाल भाल की अगुवाई में टीम चलाकर कर्मचारियों से संपर्क साधा।

जिला प्रधान ओमपाल भाल, जिला सहसचिव शीशराम, वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम व हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा ने बताया कि मुख्य मांगो में 8वें वेतन अयोग लागू होने तक सभी कर्मचारियों को महंगाई के अनुसार 5 हजार रूपये अंतरिम रहात के रूप मे देना , आठवे वेतन आयोग से पहले 7वे वेतन अयोग की विसंगतिया दुरुस्त करना, श्रम कानूनों में किए गए अनाप शनाप संशोधनों को रद्द करने, ठेका प्रथा के तहत लगे सभी कर्मचारियों को विभाग के पे रोल पर लेते हुए माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 23 व 31 दिसंबर,2025 के फैसले अनुसार नियमितीकरण की पॉलिसी बना कर सभी तरह के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, परियोजना कर्मियों को कर्मचारी का दर्जा देना,पुरानी पेंशन बहाल करना व एक्सग्रेसिया पॉलिसी से शर्त हटाना, आदि शामिल है।



**कैथल ।** कर्मचारियों को न्योता देते अधिकारी

#### 12 को हड़ताल

मांगे लागू करने मे सरकार आनाकानी कर रही है। जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। इसके विरोध में 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी।

## भाजपा सरकार ने सुशासन से जीता जनता का विश्वास : मनीष कठवाड़



**पूंडरी ।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष कठवाड़ ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से हर वर्ग का विश्वास जीतने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं को सीधा लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू योजनाएं धरातल पर साफ दिखाई दे रही हैं और पात्र लोगों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सडकों, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। गांवों और शहरों में एक समान गति से विकास कार्य पूरे किए जा रहे हैं।

सरकार की मंशा है कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़े। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जनता अब झूठे वादों और भ्रम फैलाने वाली राजनीति को पूरी तरह पहचान चुकी है। आने वाले चुनावों में प्रदेश की जनता एक बार फिर भाजपा को समर्थन देकर सुशासन की मुहर लगाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को धरातल पर उतारना है।

# एचकेआरएन में शामिल करने की मांग

- ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने बैठक में भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कार्यालय भारतीय मजदूर संघ में आयोजित एक अहम बैठक में ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों के भविष्य को लेकर हुंकार भरी गई। बैठक में मुख्य रूप से सभी ऑपरेटरों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के दायरे में लाने और उनकी जॉब सिक्योरिटी सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई।



**कैथल ।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौपते मजदूर संघ के पदाधिकारी

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला मंत्री सुरेंद्र जांगड़ा, पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कादयान, प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश, सह कोष अध्यक्ष ओंकार सिंह, सह सचिव सुरेंद्र सिंह और कार्यसमिति सदस्य मामचंद सहित अनेक पदाधिकारी व साथी उपस्थित रहे। सभी ने एक सुर में फाइल को जल्द निकलवाने और ऑपरेटरों के हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

#### प्रदर्शन की तैयारी

प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला ने आह्वान किया कि प्रत्येक जिले से मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन देकर सरकार को जगाया जाए। इसी कड़ी में जिला कैथल ने मुख्यमंत्री आवास पर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष हुकुम सैनी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक विचार किया जाएगा।

#### एकजुट हुए कर्मचारी

भारतीय मजदूर संघ के जिला कार्यालय में संपन्न हुई इस बैठक में प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला और उत्तर क्षेत्र सह संगठन मंत्री सोहन लाल गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों को पक्की नौकरी जैसी सुरक्षा (जॉब सिक्योरिटी) दिलाना रहा।

## भाजपा ने एचपीएससी नहीं, 'हेराफेरी सर्विस कमीशन' बनाया : रणदीप



**कैथल।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) पर जमकर निशाना साधा है। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने हरियाणा के युवाओं के लिए नौकरी की "सिलेक्शन पॉलिसी" नहीं, बल्कि "रिजेक्शन पॉलिसी" लागू कर रखी है।

पीजीटी कम्प्यूटर साइंस भर्ती का हवाला देते हुए सुरजेवाला ने कहा कि भर्ती की अधिसूचना 2019 में जारी हुई, बाद में 2023 में री-एडवर्टाइजमेंट किया गया। कुल पद: लगभग 1,711 (रेस्ट ऑफ हरियाणा कैडर में 1,633 + मेवात कैडर में 78)।हजारों उम्मीदवारों ने परीक्षा दी, लेकिन अब 2026 में आए रिजल्ट में अधिकांश को फेल घोषित कर दिया गया। कई रिपोर्ट्स के अनुसार केवल मुट्ठी भर उम्मीदवार ही आगे बढ़ पाए, जबकि 5,000 से अधिक युवा रिजेक्ट हो गए। सुरजेवाला ने कहा कि 8 साल तक युवाओं का समय, पैसा, सेहत और भविष्य दांव पर लगाकर रखा गया और अंत में उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया। यह धोखा नहीं तो और क्या है?

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला के मुख्यमंत्री नायब सैनी व भाजपा से पूछा कि क्यों भाजपा सरकार हरियाणा के युवाओं को सिर्फ चपरासी, क्लर्क या क्लास-4 की नौकरियों के लायक समझती है? ऊपरी पदों पर या तो फेल कर दिया जाता है या बाहर के लोगों को मौका मिल जाता है। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा का असली नारा है 'बातों से पेट भरो, नौकरी की बात मत करो'। हम हरियाणा के युवाओं के साथ खड़े हैं और इस रिजेक्शन पॉलिसी के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

# सीएम के दौरे से पहले जागा पीडब्ल्यूडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कैथल दौरे को लेकर लोक निर्माण विभाग अचानक सक्रिय नजर आया।

कैथल–पटियाला मुख्य मार्ग, जो पिछले करीब तीन वर्षों से जर्जर अवस्था में था, उस पर मुख्यमंत्री के गुजरने की सूचना मिलते ही महज तीन घंटे के भीतर सैकड़ों गड्ढों को भर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार यह सड़क लंबे समय से बेहद खस्ता हालत में थी।

कैथल से चीका तक का यह मार्ग जगह-जगह टूट चुका था, गहरे गड्ढों के कारण आए दिन हादसे होते रहे, कई बार लोग घायल हुए और वाहन क्षतिग्रस्त हुए। इसके बावजूद विभाग की ओर से न तो स्थायी मरम्मत की गई और न ही सड़क को दुरुस्त करने की कोई ठोस योजना बनी। क्षेत्रवासियों ने कई बार शिकायत की, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। अब मुख्यमंत्री के दौरे की खबर मिलते ही पीडब्ल्यूडी विभाग हरकत में आ गया। विभागीय कर्मचारियों और मशीनों को तुरंत सड़क पर उतारा गया और आनन-फानन में गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया गया।



**कैथल ।** चीका रोड पर पैच वर्क करते कर्मचारी

**कैथल ।** कर्मचारियों को न्योता देते अधिकारी

#### सड़क मार्ग का स्थायी समाधान किया जाए

लोगों ने यह भी मांग की है कि कैथल–चीका मुख्य मार्ग की अस्थायी पैचवर्क मरम्मत के बजाय स्थायी समाधान किया जाए ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और आम जनता को सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री के दौरे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या विभागीय सक्रियता केवल बड़े नेताओं के आगमन तक ही सीमित रहेगी, या फिर आम दिनों में भी जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा।

## 20 फरवरी को पंचकुला में इनेलो करेगी जोरदार प्रदर्शन : सोनू वर्मा



**राजौंद ।** इनेलो के ओबीसी मोर्चा के जिला प्रधान सोनू वर्मा ने भाजपा सरकार पर बुजुर्गों की पेंशन काटकर उनका अपमान करने का आरोप लगाया है। वर्मा ने कहा कि हरियाणा में बुजुर्गों को पेंशन देकर सम्मान देने की शुरुआत ताऊ देवीलाल ने की थी,लेकिन आज भाजपा सरकार उसी पेंशन को तरह तरह की शर्तें लगाकर काट रही है और बुजुर्गों के साथ अन्याय कर रही है। सोनू वर्मा ने कहा कि ताऊ देवीलाल ने हमेशा गरीब, बुजुर्ग और कमजोर वर्ग के सम्मान की लड़ाई लड़ी। पेंशन योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं थी, बल्कि बुजुर्गों के आत्मसम्मान का प्रतीक है।

## भाजपा ने अन्य सरकारों से अधिक बढ़ाई बुढ़ापा पेंशन : सुषमा अत्री



**उचाना ।** भाजपा नेत्री सुषमा अत्री उचाना हलके के विभिन्न गांव में कार्यकर्ताओं के यहां आयोजित कार्यक्रमों में पहुंची। अत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछली सरकारों से कहीं अधिक बुढ़ापा पेंशन में बढ़ोतरी की है। इनेलो सरकार में 200 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी तो कांग्रेस सरकार में 700 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। भाजपा सरकार ने 2200 रुपए बढ़ोतरी की। सबसे अधिक पेंशन हरियाणा सरकार दे रही है। देश के आम बजट को कल्याणकारी व हर वर्ग का हितैषी बताते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने देश के विकास को गति देने वाला व विकास दर बढ़ाने वाला बजट पेश किया है। भाजपा सरकार का हमेशा प्रयास रहता है कि मेक इन इंडिया को मजबूत करते हुए देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जाए और यह बजट उसी का प्रतीक है। बजट में किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरए महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण तथा गरीबों के जीवन स्तर में सुधार के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं। कृषि क्षेत्र के लिए बढ़े हुए बजट से खेती को आधुनिक बनानेए सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और किसानों को तकनीक से जोडने में मदद मिलेगी।

**आयोजन**

### सुपर-100 योजना की प्रवेश परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने कसी कमर

# कैथल जिले में 14 केंद्रों पर परीक्षा देंगे 234 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शिक्षा विभाग द्वारा गरीब बच्चों के लिए महत्वाकांक्षी सुपर-100 योजना की प्रवेश परीक्षा 11 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसके लिए विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। विभाग द्वारा परीक्षा के लिए जिलेभर में 14 परीक्षा केंद्र बनाए हैं, जिनमें कुल 234 विद्यार्थी भाग लेंगे। परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को सरकारी संचालित नीट कोचिंग सेंटरों में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। परीक्षा के लिए शुक्रवार से प्रवेश पत्र वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं।

#### 2 घंटे की होगी परीक्षा

शेड्यूल के तहत सुपर-100 की यह परीक्षा 2 घंटे की होगी। परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों को सुबह 11:30 बजे तक रिपोर्ट करना होगा। जबकि परीक्षा का समय दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक रहेगा। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की वर्दी में परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। साथ ही उन्हें अपने साथ प्रवेश पत्र, आधार कार्ड की फोटो प्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो, दो बॉल पेन, पानी की बोतल साथ लाना अनिवार्य होगा। जिन प्रवेश पत्रों पर फोटो नहीं है, उन्हें फोटो चिपकवाकर विद्यालय मुखिया से सत्यापित करवाना होगा।

#### यह है सुपर-100 योजना

सुपर-100 योजना के तहत सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। चयनित 100 विद्यार्थियों को नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरकारी स्तर पर निशुल्क कोचिंग दी जाती है। विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा पढ़ाई कराई जाती है। इसके साथ ही नियमित टेस्ट, डाउट सेशन और स्टडी मटीरियल भी उपलब्ध कराया जाता है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्रदान करना है।

#### ये बनाए गए परीक्षा केंद्र

| | |
|---|---|
| राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | कैथल। |
| राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाखोली अड्डा, | कैथल। |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | कैथल। |
| राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | कलायत। |
| राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | कलायत। |
| राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | चीका। |
| राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | चीका। |
| राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | गुहला। |
| राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | पूंडरी। |
| राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | पूंडरी। |
| राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | राजौंद। |
| राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | राजौंद। |
| राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | सीवन। |
| राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, | सीवन। |

#### 11 को रहेगा अवकाश

डीएमएस छत्रपाल सिंह ने बताया कि निदेशालय के निर्देशों के तहत 11 फरवरी को सभी परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए अवकाश रहेगा, ताकि परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। जबकि शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ विद्यालय समय अनुसार उपस्थित रहेगा। परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इसके अलावा फ्लाइंग स्क्वॉड भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेगी। विकल्पा फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रतिनिधि भी परीक्षा केंद्रों पर मौजूद रहेंगे।

## जींद भाजपा की महामंत्री डा. पुष्पा तायल बनी अधिवक्ता



**जींद ।** भारतीय जनता पार्टी की जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल को बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा द्वारा अधिवक्ता के रूप में नामांकन का प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर राजनीतिक, सामाजिक और कानूनी क्षेत्र में खुशी की लहर है। डा. पुष्पा तायल ने विधि क्षेत्र में अपनी औपचारिक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करते हुए बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा में पंजीकरण कराया है। प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद उन्होंने कहा कि कानून के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना उनका उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि वे महिला सशक्तिकरण, कमजोर वर्गों और जरूरतमंदों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगी। भाजपा संगठन से जुड़ी जिम्मेदारियों के साथ-साथ अब वे विधि के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। पार्टी के नेताओं ने इसे संगठन के लिए गर्व का विषय बताया। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने डा. पुष्पा तायल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डा. पुष्पा तायल की यह उपलब्धि युवाओं और महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। राजनीति और कानून दोनों क्षेत्रों में उनकी सक्रियता समाजहित में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने हमेशा जनसेवा को प्राथमिकता दी है।